गाइड

शिक्षा के लिए विकलांगता मानक



# स्कूल में सम्मान

यह संसाधन विकलांगता ग्रस्त छात्रों, उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं और स्कूलों के लिए है ताकि वे सम्मानजनक व्यवहार के बारे में सीखें और यह जानें कि निर्णय लेने में विकलांगता ग्रस्त छात्रों को शामिल करना क्यों महत्वपूर्ण है।

**इस संसाधन को विकलांगता ग्रस्त छात्रों और युवाओं तथा उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा सह-डिज़ाइन किया गया था।**

## इस संसाधन के बारे में

इस संसाधन को ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता वाले बच्चों और युवा लोगों (सीवाईडीऐ) (Children and Young People with Disability Australia) (CYDA) और इन्क्लूजन ऑस्ट्रेलिया (Inclusion Australia) की मदद से, विकलांगता ग्रस्त बच्चों के माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा डिज़ाइन किया गया था।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया में देश के पारंपरिक मालिकों और संरक्षकों को मान देती है। हम भूमि, जल और समुदाय से उनके निरंतर संबंध को मान देते हैं। हम उनके और उनके बुजुर्गों के अतीत और वर्तमान के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं। हम एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों की निरंतर सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक प्रथाओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं।

## भाषा के संबंध में टिप्पणी

यह संसाधन व्यक्ति-प्रथम भाषा का उपयोग करता है (उदाहरण के लिए, 'विकलांगता ग्रस्त बच्चा/बच्ची')। लेकिन यह दृष्टिकोण हर किसी के लिए ठीक नहीं है, और कई लोग पहचान-प्रथम भाषा (उदाहरण के लिए, 'विकलांग बच्चा') का उपयोग करना पसंद करते हैं।

यह प्रत्येक व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपनी पहचान कैसे चुनता है। हम आपको लोगों से उनकी पसंद पूछने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम इन सभी परिभाषाओं के पीछे के गहरे इतिहास को भी मान देते हैं।

यह संसाधन विकलांगता ग्रस्त छात्रों और उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है। 'आपकी संतान' से हमारा तात्पर्य किसी भी उस बच्चे/बच्ची से है जिसके लिए आप जिम्मेदार हैं।

## अतिरिक्त संसाधन

यह संसाधनों के समूह का एक भाग है। आप उन्हें शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर या QR कोड को स्कैन करके प्राप्त कर सकते/ती हैं।

यह संसाधन ईज़ी रीड, ऑस्लान और कई अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध है। आप इन संस्करणों को ऑस्ट्रेलियन शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर या QR कोड को स्कैन करके प्राप्त कर सकते/ती हैं।

QR कोड को स्कैन करें

***विषय-वस्तु नोट:*** *यह संसाधन स्कूल में भेदभाव और अनुचितव्यवहार के बारे में बताता है। इसके परिणामस्वरूप होने वाली नकारात्मक भावनाओं को भी इसमें वर्णित किया गया है। सहायता के लिए आप लाइफलाइन को 13 11 14 पर कॉल कर सकते/ती हैं या 0477 13 11 14 पर टेक्स्ट कर सकते/ती हैं। आप बच्चों की हेल्पलाइन 1800 55 1800 पर भी संपर्क कर सकते/ती हैं।*

# यह गाइड किसके लिए है?

यह गाइड विकलांगता ग्रस्त छात्रों और उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है।

# इस गाइड का उद्देश्य क्या है

यह गाइड निम्न को समझने में आपकी मदद करेगी:

1. स्कूल में आपके साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए
2. आपके पास शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (DSE) के तहत अधिकार हैं।

## शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 क्या है?

DSE विकलांगता वाले छात्रों की शिक्षा के लिए मानक हैं और ऑस्ट्रेलियाई कानून का भाग हैं।

### मानक

मानक का उपयोग हम यह देखने के लिए करते हैं कि कोई कार्य कितनी अच्छी तरह से किया गया है। मानक हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि कार्य अच्छी तरह से हों।

### डीएसई (DSE)

डीएसई(DSE) निम्न दो महत्वपूर्ण बातें समझाता है:

1. विकलांगता ग्रस्त छात्रों के अधिकार।
2. स्कूलों को विकलांगता ग्रस्त छात्रों को उनके अधिकार दिलाने में मदद करने के लिए क्या करना होगा।

# इस गाइड में क्या शामिल है

यह गाइड इस बात का अवलोकन करती है कि सम्मान क्या है, यह महत्वपूर्ण क्यों है और सब एक साथ कैसे काम कर सकते हैं। इसमें शामिल है:


- स्कूल में सम्मान का क्या अर्थ है?
- सम्मान से कैसा महसूस होता है?
- सम्मान न मिलने से क्या हो सकता है?
- बदलाव लाने के लिए क्या आवश्यक है?

# स्कूल में सम्मान का क्या अर्थ है?

सम्मान से पता चलता है कि हम लोगों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उनसे कैसे मेलजोल करते हैं।

### लोगों के साथ हमारे व्यवहार में सम्मान


स्कूल में आपके साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए। आपके स्कूल और शिक्षकों को आपको सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने चाहिए।

**ऑस्ट्रेलियाई कानून आपके साथ अनुचित व्यवहार को निम्न कारणों की वजह से गैरकानूनी बनाता है:**

- क्योंकि आपको विकलांगता है
- क्योंकि विकलांगता के कारण आपके साथ अनुचित व्यवहार करने वाले किसी व्यक्ति के बारे में आपने शिकायत की थी।

यदि आपके साथ अच्छा व्यवहार किया जाता है, तो आपके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाता है।

## लोगों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का अर्थ है:



आप सबके साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं जैसा व्यवहार आप अपने साथ किया जाना चाहते/ती हैं। लेकिन आप सबके साथ एक जैसा व्यवहार नहीं करते हैं। हर कोई अलग है।



आप समझते/ती हैं कि हर कोई विभिन्न तरीकों और गति से सीखता है। आपके शिक्षक को आपको पढ़ाने के तरीके में अनुकूलनशील होना चाहिए। आपको अपने सहपाठियों के साथ सीखने के तरीके में अनुकूलनशील होना चाहिए।



आप जानते/ती हैं कि लोग इस समय क्या सोच रहे हैं। इसका मतलब है कि आप इस बात को समझने की कोशिश करते/ती हैं कि:

- लोगों के जीवन में क्या चल रहा है
- वे क्या महसूस कर रहे हैं।



आप लोगों के निम्न अधिकारों को स्वीकार करते/ती हैं:

- उनके द्वारा किसी चीज़ को करने के चुनाव के अधिकार को
- गोपनीयता के अधिकार को
- व्यक्तिगत समय के अधिकार को।

याद रखें, यह उन पर निर्भर है कि वे गले मिलना चाहते हैं या छूए जाना चाहते हैं या हाथ मिलाना चाहते हैं।



आप लोगों को उनके चुनावों या पसंद के आधार पर नहीं आंकते। आप उनके विचारों को महत्व देते हैं। इससे वे जो महसूस करते हैं और सोचते हैं, उसे व्यक्त करने के लिए वे अधिक आश्वस्त हो जाते हैं।



आप निम्न को स्वीकारते और सराहते हैं:

- विचार, सुझाव और विश्वास
- आयु
- पृष्ठभूमि
- संस्कृति
- धर्मों को
- लिंग पहचान और लैंगिकता
- विकलांगता।



आप हर किसी के व्यक्तित्व को स्वीकारते हैं।



हर बात पर सहमत होना नामुमकिन है। लेकिन अगर आप किसी से सहमत नहीं हैं, तो भी आप अपनी असहमति विनम्रता से रखें।



आप लोगों का तब भी सम्मान करते हैं जब आप उन्हें पसंद नहीं करते हैं। आपको किसी का सम्मान करने के लिए उन्हें पसंद करना आवश्यक नहीं है।

# लोगों के साथ हमारे मेलजोल में सम्मान

स्कूल में सम्मान का मतलब माता-पिता, देखभालकर्ताओं, छात्रों, शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों के बीच संबंधों के बारे में है।





## याद रखें

- यदि माता-पिता, देखभालकर्ताओं, शिक्षकों और छात्रों की एक सोच हो तो इससे मदद मिलती है।
- आपको एक-दूसरे से बातचीत करनी चाहिए और मिलकर निर्णय लेने चाहिए। यह महत्वपूर्ण है ताकि आपको एक-दूसरे से गलतफहमी न हो।
- ऐसा हो सकता है कि आप पहले सहमत न हों, लेकिन सम्मानजनक बने रहने का प्रयास करें। आप हमेशा इस बारे में गहन बातचीत कर सकते हैं कि आप सहमत क्यों नहीं हैं।
- आपको और आपके सहपाठियों को भी एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। आपको एक-दूसरे को गतिविधियों में शामिल करना चाहिए।

# सम्मान मिलने से कैसा लगता है?






## सुलभता सम्मान का हिस्सा है

सुलभता का मतलब है कि आप कुछ प्राप्त कर सकते हैं, पा सकते हैं या उपयोग कर सकते हैं। यह कोई जगह, वस्तु, गतिविधि या जानकारी हो सकती है। आपका स्कूल जब चीजें को सुलभ बनाता है तो इसका मतलब है कि वह सम्मान दिखाता है।

ये चीज़ें निम्न हो सकती हैं:

- कुछ उपकरण या टेक्नोलॉजी प्रदान करना
- आपका कक्षा कार्य
- आपकी कक्षा
- स्कूल की इमारत
- खेल का मैदान।



आपको और आपके स्कूल को मिलकर काम करना चाहिए ताकि इसमें आपका शामिल होना सुनिश्चित किया जा सके।

आपको इस बारे में जितनी जल्दी हो सके बातचीत शुरू करनी चाहिए।

समस्या पैदा होने की प्रतीक्षा न करें। आप और आपका स्कूल समस्याओं के होने से पहले ही इन्हें रोक सकते हैं।

## समावेश सम्मान का हिस्सा है

आपके शिक्षकों और स्कूल को:

- समावेशी होना चाहिए
- सहायक होना चाहिए ।

आपको स्कूल समुदाय का हिस्सा होना चाहिए।

## यदि सम्मान न हो तो क्या हो सकता है?




### जब लोग सम्मानजनक नहीं होते, तो वे निम्न कर सकते हैं:

- आपका भरोसा तोड़ सकते हैं
- आपकी मर्यादाओं का सम्मान नहीं करते।

### याद रखें

- यह आपकी गलती नहीं है।
- विश्वास बनाने में काफी समय लग सकता है। यह महसूस करने में समय लग सकता है कि लोगों ने विश्वास अर्जित किया है।
- कुछ लोग शायद इसे कभी अर्जित नहीं कर पाते। इस तरह महसूस करना भी ठीक है।
- आपकी भावनाएं और विचार महत्वपूर्ण हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र या स्थिति क्या है।

# बदलाव लाने के लिए क्या आवश्यक है?

## छात्रों के लिए सुझाव

1. आपको दूसरे लोगों का सम्मान करना चाहिए और अपने आस-पास के लोगों से भी ऐसा ही करने की उम्मीद करनी चाहिए।
2. यदि आपको लगता है कि कुछ गलत है, तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति से बात करें। यह माता-पिता, दोस्त, शिक्षक या कोई और हो सकता है। यदि आपको मदद की आवश्यकता है तो वे आपका मार्गदर्शन कर सकते हैं।
3. यदि आपको जरूरत है तो बाहरी मदद भी उपलब्ध है। उदाहरण के लिए, कोई स्वतंत्र अधिवक्ता आपको निर्णय लेने में मदद कर सकता है। अधिवक्ता की खोज के लिए (https:/www.dana.org.au/find-an-advocate/) पर जाएं।

## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए सुझाव

1. ऐसे संकेतों पर ध्यान दें जो ये बताएं कि आपकी संतान के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, उनका व्यवहार बदल सकता है।
2. आपकी संतान किसी परेशानी के साथ आपके पास आ सकती है। सोचें कि ऐसा होने पर आप क्या करेंगे। पता लगाएं कि आपको स्कूल में किससे बात करनी है।
3. अपने, अपनी संतान और स्कूल के बीच मीटिंग आयोजित करें। देखें कि आप सब एक साथ मिलकर क्या समाधान निकाल सकते हैं।
4. सम्मान बनाने या पुनर्निर्माण करने के लिए मिलकर काम करें।
5. स्वतंत्र सहायता उपलब्ध है - उदाहरण के लिए, स्वतंत्र अधिवक्ता। वे स्थिति के बारे में नए विचार दे सकते हैं। वे ऐसी योजनाओं को बनाने में भी मदद कर सकते हैं जो चीज़ों का होना सुनिश्चित करे। अधिवक्ता की खोज के लिए (https:/www.dana.org.au/find-an-advocate/) पर जाएं।



## शिक्षकों और स्कूलों को क्या करना चाहिए

1. छात्रों को जानने का प्रयास करें और देखें कि उनके लिए सबसे अच्छा क्या है।
2. छात्रों, माता-पिता और देखभालकर्ताओं के साथ मिलकर काम करें।
3. सुनिश्चित करें कि योजनाएँ क्रियान्वित हों। यदि ऐसा नहीं होता है तो उसका कारण बताएं।

# और अधिक जानकारी और समर्थन

- शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (https:/www.legislation.gov.au/Details/F2005L00767)
- विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992 (https:/www.legislation.gov.au/Details/C2018C00125)
- विकलांगता ऑस्ट्रेलिया केंद्र (Disability Australia Hub) (https:/www.disabilityaustraliahub.com.au/) – विकलांगता संगठनों की सूची
- विकलांगता गेटवे (https:/www.disabilitygateway.gov.au/) – सेवाओं, अधिवक्ताओं और जानकारी के लिए लिंक
- ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग (AHRC) (https:/humanrights.gov.au)



www.education.gov.au/disability-standards-education-2005